

पंड्या की हरकत वायरल

## क्रुणाल पंड्या ने कायरन पोलार्ड का सिर चूमा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स ने रविवार (24 अप्रैल) को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 36 रन से जीत हासिल की। मुंबई के सामने जीत के लिए 169 रन का टारगेट था। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम कभी भी इस लक्ष्य को हासिल करती हुई नजर नहीं आई। टीम आखिर में टोटल से काफी पीछे रह गई। इस मैच में क्रुणाल पंड्या और कायरन पोलार्ड के बीच मजाकिया पल भी देखने को मिला। क्रुणाल पंड्या और पोलार्ड कई साल मुंबई इंडियंस के लिए एक साथ खेले। साल 2016 से 2021 तक दोनों एक ही टीम के सदस्य थे। साल 2022 में पंड्या लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में हैं। दोनों दोस्त इस मैच में आमने–सामने थे और आखिर में मुकाबला बराबर ही रहा। बाएं हाथ के स्पिनर पंड्या ने पोलार्ड को आउट किया। अपने आखिरी ओवर में क्रुणाल ने तीन विकेट लिए। इससे पहले, पोलार्ड ने क्रुणला को आउट किया था। पंड्या ने मैच के बाद कहा कि वह पोलार्ड को आउट करके काफी खुश थे। पोलार्ड को आउट करने के बाद पंड्या ने उनके सिर पर किस भी किया।

पोलार्ड ने हालांकि अपने पुराने दोस्त की इस हरकत पर ज्यादा तवज्जो नहीं दी लेकिन फैंस को यह बहुत पसंद आया। पंड्या की यह हरकत वायरल हो गई। मैच के बाद पंड्या ने पोलार्ड को लेकर और मजाक किया। उन्होंने कहा, मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि मैंने पोलार्ड का विकेट लिया वरना वह पूरी जिंदगी मेरा दिमाग खाता रहता चूंकि उसने मुझे आउट किया था। यह 1–1 है और अब वह कम बोलेगा।़ मैच की बात करें तो पंड्या ने अपने चार ओवरों में 19 रन देकर तीन विकेट लिए।

# क्रीज पर ईशान किशन का वक्त रहा बहुत खराब

क्रिकेट

## ईशान किशन की इस कमजोरी पर सुनील गावस्कर हुए फिक्रमंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने रविवार को कहा कि शॉर्ट पिच गेंदबाजी के सामने ईशान किशन की कमजोरी की बात की है। गावस्कर ने कहा है कि यह अच्छा संकेत नहीं है और ऐसे में मुंबई इंडियंस के इस बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की तेज और उछालभरी पिचों पर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

गावस्कर की यह टिप्पणी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के मैच के दौरान आई। मुंबई की पारी के दूसरे ओवर में दुष्मंता चमीरा की गेंद किशन के हेलमेट पर लगी। मुंबई के सामने 169 रन का लक्ष्य था जिसे वह हासिल नहीं कर सकी। इशान तेजी से उठती हुई गेंद पर निगाहें नहीं टिका पाए। चूंकि गेंद हेलमेट पर लगी थी इस वजह से खेल दोबारा




शुरू होने से पहले टीम के फिजियो ने आकर उनकी जांच की। मैच के दौरान ईशान किशन बिलकुल भी रंग में नहीं दिखे। उन्होंने 20 गेंद का सामना किया और सिर्फ 8 रन बनाए। ईशान की धीमी बल्लेबाजी का असर दूसरे छोर पर कप्तान रोहित शर्मा पर भी पड़ा। रोहित ने 31 गेंद पर 39 रन बनाए।

ईशान बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए। वह रवि बिश्नोई की गेंद पर बहुत ही खराब तरीके से आउट होकर लौटे। गेंद उनके बल्ले से लगकर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के जूतों से लगकर पहली स्लिप में खड़े जेसन होल्डर के हाथों में गई। अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था और उससे पहले ही वह चल दिए थे।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कॉमेंट्री के दौरान कहा, वह खुद ही चल दिए। क्रीज पर उनका वक्त बहुत खराब रहा। वह किसी तरह इस मुश्किल से निकलना चाहते थे। आम तौर पर गेंद जब बल्ले का किनारा लेती है और पहली स्लिप में जाती है तो खिलाड़ी इंतजार करते हैं। यहां एक खिलाड़ी है जो तब चल पड़ता है जब गेंद शायद जमीन पर लगकर गई हो। ऐसा लग रहा था कि बल्लेबाजी करने में उनकी बिलकुल भी रूचि नहीं है। उन्होंने चलना शुरू कर दिया और अंपायर ने उन्हें रुकने का इशारा किया ताकि रेफरल लिया जा सके। यह बताता है कि वह किस मानसिक स्थिति में बल्लेबाजी कर रहे थे।

# रूट के बाद इंग्लैंड टेस्ट टीम की कप्तानी के लिए कौन है सबसे बेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने आलराउंडर बेन स्टोक्स को शानदार लीडर बताया और कहा कि जो रूट के पद से हटने के बाद वह टेस्ट कप्तान के पद के लिए एकदम फिट बैठेंगे। पूर्व क्रिकेटरों के बढ़ते दबाव के बाद रूट ने इस महीने की शुरुआत में पांच साल तक इंग्लैंड टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के बाद यह पद छोड़ दिया था। स्टोक्स टेस्ट टीम के उप–कप्तान हैं और रूट के गैरहाजिरी में वही टीम का नेतृत्व करते थे। इयोन मार्गन ने कहा कि बेन स्टोक्स एक शानदार खिलाड़ी और लीडर हैं। मुझे लगता है कि कप्तानी को ठुकराना मुश्किल होगा। यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति




है। निश्चित रूप से परिस्थितियां सही होनी चाहिए, लेकिन ज्यादातर लोग जो लाल गेंद क्रिकेट को आगे ले जाना चाहते हैं, वे इसे निश्चत रूप से आगे बढ़ाना चाहेंगे। जब इयोन मोर्गन से पूछा गया कि अगर उन्हें टेस्ट की कप्तानी की पेशकश की गई तो क्या वह इस पद को संभालेंगे तो उन्होंने कहा, नहीं। मैं इस समय सफेद गेंद वाली टीम और इंग्लिश क्रिकेट में जो भूमिका निभा रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं।

आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही जो रूट ने इंग्लैंड टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। इंग्लैंड को टेस्ट प्रारूप में मिल रही लगातार हार के बाद रूट ने ये फैसला किया था। रूट इंग्लैंड के अब तक के सबसे बेस्ट टेस्ट कप्तान रहे हैं और उन्होंने अपनी कप्तानी में इस टीम के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीते थे। उन्होंने 64 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी की थी जिसमें से उन्होंने 27 मैच जीते थे जबकि 26 मैचों में उन्हें हार मिली थी साथ ही 11 मैच ड्रा रहे थे। इंग्लैंड के दूसरे सबसे सफल टेस्ट कप्तान एलिएक्सर कुक हैं जिन्होंने 59 टेस्ट मैचों में से 24 में जीत हासिल की थी जबकि 22 में उन्हें हार मिली थी और 13 मैच ड्रा रहे थे।

## क्वॉलिफायर्स, एलिमिनेटर और फाइनल का शेड्यूल और मैदानों का हुआ खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीसीसीआई ने आईपीएल के प्लेऑफ मैचों के शेड्यूल जारी कर दिया है। सारे मुकाबले दो जगहों, कोलकाता और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। पहला क्वॉलिफायर मैच 24 मई को कोलकाता के ईडन गार्डंस में जबकि दूसरा क्वॉलिफायर मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। 25 मई को एलिमिनेटर मुकाबले की मेजबानी फिर से कोलकाता करेगा जबकि फाइनल मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा। कोरोना महामारी के बाद पहली बार देश में इन मुकाबलों के जरिए स्टेडियम में 100 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश की अनुमति मिल जाएगी। हालांकि शेड्यूल के मुताबिक एक टीम को परेशानी से जूझना पड़ सकता है। जैसे कि 25 मई को एलिमिनेटर जीतने वाली टीम को दूसरा क्वॉलिफायर खेलने के लिए कोलकाता से लगभग 1900 किलोमीटर की दूरी तय कर 27 मई को अहमदाबाद पहुंचना होगा। रात को मैच, अगले दिन यात्रा और फिर अगले दिन मैच खेलने से टीम को कुछ परेशानी हो सकती है। लीग राउंड का आखिरी मुकाबला 22 मई को खेला जाएगा।

## न्यूज डायरी



### एम एस धौनी को दुनिया के बेस्ट फिनिशरों में से एक माना जाता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एम एस धौनी को दुनिया के बेस्ट फिनिशरों में से एक माना जाता है। पूर्व भारतीय कप्तान धौनी ने आइपीएल में सीएसके के लिए कई मैच जीते हैं और अब भी वही कर रहे हैं। धौनी ने मुंबई के खिलाफ बेहद तनावपूर्ण स्थिति में 13 गेंदों पर 28 रन की नाबाद पारी खेलकर जिस तरह से सीएसके को जीत दिलाई थी वो अपने–आप में कमाल था। इस तरह की परिस्थिति में ऐसी बल्लेबाजी करते हुए मैच को जीत लेना आसान नहीं होता, लेकिन धौनी ने ये कर दिखाया था। 40 साल के धौनी ने जयदेव उनादकट की चार गेंदों पर 16 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी थी। धौनी ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच साल 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मैच खेला था। वो अब सिर्फ आइपीएल में खेल रहे हैं और स्लाग ओवर्स के बेस्ट खिलाड़ियों में से एक हैं। अब सीएसके ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें इस टीम के बैटिंग कोच माइकल हसी ने बताया कि धौनी किस तरह से रणनीति बनाते हैं और तनावपूर्ण स्थिति में चेज करते हुए वो किस तरह से कैलकुलेशन करते हैं।

### सचिन के बर्थडे पर भी नहीं खुला किस्मत का ताला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुंबई इंडियंस की हार का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। उसे आईपीएल–2022 के एक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ लगातार 8वीं हार मिली है। इस तरह 5 बार की चैंपियन अपने मेंटॉर और महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के जन्मदिन पर भी खाता खोलने में असफल रही। मैच में लखनऊ ने 6 विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब मुंबई की बल्लेबाजी एक बार फिर फेल रही और वह निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 132 रन ही बना सकी। राहुल ने 62 गेंद की पारी में 12 चौके और चार छक्के से मौजूदा सत्र में अपना दूसरा शतक लगाया। उनका पिछला शतक (60 गेंद में नाबाद 103) भी मुंबई के खिलाफ ही 16 अप्रैल को आया था। इस मैच को भी लखनऊ की टीम ने 18 रन से जीता था। राहुल ने अंतिम ओवर में मेरेडिथ के खिलाफ छक्का लगाकर आईपीएल करियर का चौथा शतक पूरा किया।

### ईशान किशन को भारी पड़ा डिफेंसिव होना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक बल्लेबाजी करने वाले इशान बदकिस्मत रहे कि आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए रवि बिश्नोई की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेने के बाद विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के जूते पर टप्पा खाकर स्लिप पर खड़े जेसन होल्डर के हाथों में चली गयी। मुंबई ने इसके बाद नौवें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस (तीन रन) 10वें ओवर में रोहित और 12वें ओवर में सूर्यकुमार यादव (सात रन) के विकेट गंवा दिए। चोटिल आवेश खान की जगह टीम में आए मोहसिन ने डेवाल्ड ब्रेविस (तीन रन) जबकि क्रुणाल पंड्या ने रोहित और आयुष बडोनी ने सूर्यकुमार यादव (सात रन) को चलता किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने 39 जबकि तिलक वर्मा ने 38 रन बनाए लेकिन टीम के दूसरे बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया।

### आरेंज कैप की लिस्ट में जोस बटलर का दबदबा, केएल राहुल दूसरे नंबर पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में एक से बढ़कर एक मुकाबले खेले जा रहे है। सभी टीमों ने 7 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। इस दौरान रनों की बौछार देखने को मिली है। बल्लेबाजों के बीच टाप पर बने रहने की जंग चल रही है। आरेंज कैप की रेस में कई धुरंधर शामिल हैं। राजस्थान के जोस बटलर का बल्ला हल्ला बोल रहा है तो केएल राहुल, हार्दिक पांड्या और पृथ्वी शा भी किसी से पीछे नहीं हैं। सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में बटलर लगातार सबको मात देते हुए पहले नंबर पर चल रहे हैं। दिल्ली के खिलाफ मैच में उन्होंने 116 रन की पारी खेलकर सीजन का तीसरा शतक लगाया। इस शतक के साथ उन्होंने अपने रनों की संख्या 491 कर ली है।